## मेडिकल कॉलेज में तंबाकू निषेध दिवस पर हुई संगोष्ठी

**पीलीभीत, अमृत विचार:** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की ओर से शनिवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. वर्तिका अग्रवाल ने किया।

संगोष्ठी में तंबाकू से होने वाली बीमारियों और उसे छोड़ने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ. अरुण सिंह ने तंबाकू कंपनियों की मार्केटिंग रणनीतियों और किशोरों को लक्षित करने के तरीकों पर चिंता जताई। वहीं डॉ. मनोज पिप्पल ने बताया कि धूम्रपान से सीओपीडी, फेफड़ों का कैंसर और निष्क्रिय धूम्रपान जैसे गंभीर खतरे उत्पन्न होते हैं। डॉ. प्रियंका भटनागर ने तंबाकू छोड़ने की तकनीकों जैसे निकोटीन गम, पैच और परामर्श के महत्व को रेखांकित किया। प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा ने कहा कि तंबाकू छोड़ना सिर्फ एक व्यक्ति की नहीं, पूरे समाज की जीत है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मरीज, उनके परिजन एवं अस्पताल स्टाफ मौजूद रहे। डॉ. विशिका सिंह और डॉ. पायस राज वर्मा ने सफल संचालन में सहयोग दिया।

# नौतपा : धूप कभी बारिश से पनप रही बीमारियां, अस्पतालों में बढ़ रहे मरीज

### फंगल इन्फेक्शन, डायरिया, आंखों में खुजली और बुखार के पहुंच रहे मरीज, सैंपल में भी इजाफा लग रही लाइन, प्रतिदिन 350 से अधिक हो रहे सैंपल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


मेडिकल कॉलेज की ब्लड लैब में सैंपल देने के लिए लगी कतार। ● अमृत विचार


मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में मेडिसन विभाग में मरीज को देखते डॉक्टर।


मेडिकल कॉलेज में दवा काउंटर पर लगी मरीज व तीमारदारों की भीड़।

**अमृत विचार :** नौतपा की झुलसाती धूप और बीच-बीच में होने वाली बारिश ने जनपद में बीमारियों का ऐसा दौर शुरू कर दिया है कि मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में मरीजों की भीड़ थमने का नाम नहीं ले रही। फंगल इंफेकशन, डायरिया, आंखों में खुजली और बुखार जैसी मौसमी बीमारियों ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। साथ ही मेडिकल कॉलेज में प्रतिदिन 350 से अधिक सैंपल जांच के लिए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की चुनौतियां भी बढ़ गई हैं।

बता दें कि अप्रैल से ही गर्मी ने तेवर दिखाना शुरु कर दिए थे। इधर, ज्येष्ठ मास के शुरू होते ही नौतपा भी अब लोगों के लिए मुश्किलें खड़ी कर रहा है। तापमान 38 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। जिस कारण सप्ताह भर से मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। शनिवार को मेडिकल कॉलेज की ओपीडी 1489 रही। इसमें ऑनलाइन ओपीडी के पर्चे भी शामिल हैं। मेडिकल कॉलेज के अफसरों की मानें तो आंकड़ा इतना बढ़ जाएगा, उम्मीद नहीं थी। वैसे संख्या 1000, 1100 के ईद-गिर्द रहती है, लेकिन अचानक से मौसम ने करवट ली तो मरीज बढ़ गए। आलम ये था कि डॉक्टरों के चैंबर से लेकर दवा काउंटर तक लंबी कतारें लगी रहीं। मरीज डॉक्टरों के कक्ष के बाहर अपनी बारी आने का इंतजार करते रहे। डॉक्टरों से परामर्श लेने के बाद दवा काउंटर पर भी इंतजार करना पड़ा। हालांकि अब दवा के दो काउंटर कर दिए गए हैं। एक काउंटर पर पुरुष और दूसरा महिलाओं के लिए बनाया गया है।

ओपीडी में इन दिनों में फंगल इंफेक्शन के केस अधिक पहुंच रहे हैं। जिनमें खुजली, दाद, दाने और स्किन समस्या के मरीज बढ़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। शनिवार को भी स्किन की ओपीडी में करीब 200 से अधिक मरीज पहुंचे। जिनमें खुजली और दाद के अधिक मामले रहे। इसी तरह मेडिसन विभाग में खांसी, बुखार के अलावा, डायरिया, पेट दर्द आदि के मरीज पहुंच रहे हैं। यहां भी ओपीडी में करीब 789 मरीज पहुंचे जोकि विभिन्न तरह की समस्याओं से ग्रसित थे। कुछ मामले टाइफाइड के भी रहे। डॉक्टरों के अनुसार ये सब बीमारी मौसम बदलाव के कारण व साफ पानी न पीने के कारण हो रही है। अधिकतर गांवों में पीने को पानी साफ नहीं आता है और जल स्तर भी खराब हो चुका है। ऐसे में लोगों को साफ पानी पीने के लिए नहीं मिल रहा है। लोगों को पीलिया की शिकायत भी आ रही है। इनके अलावा नेत्र विभाग में आंखों में खुजली, ड्राइनेस, धुंधलापने की समस्या से ग्रसित कई मरीज पहुंचे, जिन्होंने अपना उपचार कराया। हालांकि भीड़ अधिक होने के चलते मरीजों को दिखाने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। भीड़ के चलते कार्यावाहक सीएमएस डॉ. एस के सिंह ने अस्पताल में राउंड लिया और मरीजों का हाल जाना। नेत्र चिकित्सक डॉ. चावला उन्हें नदारद मिले। इस पर उन्हें ओपीडी में पहुंचकर मरीज देखने के लिए कहा गया।

> बदलते मौसम के चलते ओपीडी में इजाफा हुआ है। इन दिनों में फंगल इंफेक्शन के केस अधिक आ रहे हैं। डायरिया, पेट दर्द, बुखार के मामले अधिक पहुंच रहे हैं। इसको लेकर डॉक्टरों को निर्देश दिए गए हैं कि वह समय अनुरूप ओपीडी में सेवा दें, ताकि मरीजों को परेशानी न होने पाए। अगर लापरवाही मिली तो कार्रवाई की जाएगी।
> – **डॉ. एसके सिंह**, कार्यवाहक सीएमएस

### थायराइड की भी शुरू हो चुकी जांच

मेडिकल कॉलेज की ओपीडी मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। मरीज डायरिया, बुखार, टाइफाइड आदि के मरीजों के ब्लड सैंपल भी कराए जा रहे हैं। डॉक्टर अधिकतर मामलों में जांचें लिख रहे हैं। इस वजह लैब में कतारें लग रही है। शनिवार को भी लैब में जांच करने के लिए मरीजों की लाइन लगी रही। उन्हें पहले सैंपल देने से पहले पर्चा बनवाने के लिए इंतजार करना पड़ा। इसके बाद उनके सैंपल दिया गया। लैब संचालक के अनुसार प्रतिदिन 350 से अधिक सैंपल हो रहे हैं। जिनमें सीबीसी, विडॉल, टाइफाइड आदि की जांचें हो रही हैं। हालांकि अब थायराइड की जांच भी शुरू हो चुकी हैं।

# फुंकी मोटर, पांच हजार घरों की जलापूर्ति ठप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **लो-हाई वोल्टेज के चलते खराब होने की कही बात, टीम सुधार को लगाई**

**अमृत विचार :** तपती गर्मी के बीच लो-हाई वोल्टेज के चलते नगरपालिका के दो पंपों की मोटरें फूंक गईं, जिसके चलते शहर के करीब 12 से अधिक मोहल्लों के पांच हजार से अधिक घरों की जल आपूर्ति ठप हो गई। जलकल विभाग की टीम ने सुधार कराया, लेकिन कुछ देर बाद ही दोबारा मोटर खराब हो गई। नगरपालिका की ओर से सोशल मीडिया पर सूचना भी जारी कर दी गई है। हालांकि रविवार को सप्लाई चालू करने की उम्मीद जताई है।

टनकपुर हाईवे पर टीवी टावर के पास बने पंप हाउस में हाई वोल्टेज के फ्लक्चुएशन से मोटर फुंक गई, जिसके बाद शनिवार सुबह छह बजे पानी की सप्लाई ठप हो गई। इतना ही नहीं, करीब 8 बजे नकटादाना चौराहा पर बने पंप हाउस की मोटर फूंक गई। टीवी टावर के पंप हाउस की मोटर फुंकने से निरंजन कुंज कॉलोनी, सुभाष नगर कॉलोनी, अंबेडकर नगर कॉलोनी, नेहरू पार्क के पीछे, देशनगर, सुरभि कॉलोनी, एकता नगर, कॉलोनी, देशनगर, आईटीआई कॉलोनी में जल आपूर्ति प्रभावित हो गई, जबकि नकटादाना चौराहा पंप के बंद होने से ऑफिसर्स कॉलोनी, बनकटी रोड कॉलोनी, नकटादाना चौराहा, साईधाम, कॉलोनी समेत कई इलाकों में पानी बंद हो गया। नगरपालिका के अनुसार करीब पांच हजार से अधिक घरों में सप्लाई बाधित हो गई। पानी न आने पर लोगों ने मामले की सूचना जलकल प्रभारी तारिक हसन खां और अन्य पालिका कर्मचारियों को दी। जलकल प्रभारी तारिक ने अपनी मौजूदगी में कार्य को पूरा कराया। इसके बाद करीब 6 बजे के आसपास आपूर्ति चालू कर दी गई, लेकिन आधे घंटे के भीतर दोबारा से फॉल्ट हो गया। जिस वजह से पानी की आपूर्ति फिर बंद हो गई।

> वोल्टेज की वजह से दो पंप हाउस की मोटरें फूंक गई थी। जिसकी वजह से जल आपूर्ति बाधित है। मोटर ठीक कर ली गई, लेकिन दोबारा से खराबी होने पर दिक्कत आई है। मरम्मत कार्य चल रहा है। जल्द ही सप्लाई चालू करा दी जाएगी।
> – **तारिक हसन खां**, जल कल प्रभारी, नगरपालिका

# लिपिक और डॉक्टर विवाद में तीन सदस्यीय कमेटी गठित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **लिपिक के दर्ज हुए बयान, अन्य को कमेटी ने बुलाया, डॉक्टर ने रखा पक्ष**
- **सप्ताह भर पहले मेडिकल कॉलेज में लिपिक और डॉक्टर में हुए विवाद का मामला**

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज में एक सप्ताह पूर्व लिपिक और डॉक्टर के बीच हुए विवाद का मामला अब जांच के दायरे में आ गया है। प्राचार्य के निर्देश पर कॉलेज प्रशासन ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया है, जो पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर रही है। कमेटी ने लिपिक का बयान दर्ज कर लिया है, जबकि डॉक्टर ने भी अपना पक्ष सामने रखा है। अब घटनाक्रम के समय मौजूद अन्य कर्मचारियों को भी बयान के लिए बुलाया गया है। इसके बाद कमेटी अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

घटना 26 मई की है। मेडिकल कॉलेज परिसर स्थित संबंधित चिकित्सालय कार्यालय में लेखाकार अमित कुमार मिश्र और जेआर डॉ. कुलदीप के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। लेखाकार का आरोप था कि वह अपने साथियों के साथ विभागीय कामकाज कर रहे थे। तभी जेआर डॉ. कुलदीप कार्यालय में घुस आया और फोन न उठाने की बात कहते हुए गाली गलौज करने लगा। जब विरोध किया तो वह लड़ने पर आमाद हो गया। इतना ही नहीं कार्यालय कनिष्ठ सहायक रवि और श्रीकृष्ण ने समझाने का प्रयास किया तो वह उनसे भी भिड़ गए। जेआर डॉ. कुलदीप का कहना है कि वह फॉर्म 16 के बारे में जानकारी लेने गया था, लेकिन लेखाकार ने जानकारी देने से इनकार करते हुए अभद्रता करने लगे थे। सूचना पर पहुंची प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा ने लिपिक सवंर्ग का विरोध देखते हुए जेआर का तत्काल स्पष्टीकरण तलब करते हुए जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है। जिसमें डॉ. जगदंबा शरण, डॉ. संजीव सक्सेना और डॉ. अरुण कुमार को शामिल किया गया है। प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा ने बताया कि जांच कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## गायत्री परिवार ने निकाली बाइक यात्रा

**बीसलपुर, अमृत विचार :** गायत्री परिवार की ओर से अंतर्राष्ट्रीय तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर बाइक यात्रा निकाली गई। इसकी शुरुआत ग्राम जोगीठेर से प्रधान मुन्नी देवी गंगवार ने कराई। यात्रा परसिया, जसोली, दिवाली, सिमरा, पकड़िया आदि गांवों से होती हुई बीसलपुर पहुंची। यहां समाजसेविका दिव्या गंगवार ने गायत्री परिजनों का स्वागत किया। बारह पत्थर चौराहा से स्टेशन रोड पहुंचने पर पूर्व चेयरमैन छेदालाल जायसवाल ने स्वागत किया। इसके बाद गायत्री शक्तिपीठ में गोष्ठी हुई। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सत्यपाल सिंह यादव ने गायत्री परिजनों का स्वागत किया। फिर बाइक यात्रा रामलीला रोड से गजरौला, भसूड़ा चौराहा, बेनीपुर, बढैरा, पैनिया हिम्मत पहुंची और समापन हुआ। इस दौरान नशामुक्ति साहित्य, पत्रक, राहगीरों को वितरित किए गए। इस मौके पर लालता प्रसाद शास्त्री, लालाराम आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### महिलाओं को स्वावलंबी बनने को किया प्रेरित



**मझोला, अमृत विचार :** अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत नगर पंचायत गुलड़िया भिंडारा कार्यालय में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष निशान्त प्रताप सिंह ने की। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य रेनु राज रहीं। अहिल्याबाई होल्कर के जीवन एवं उनके प्रेरणादायक कार्यों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया। उन्होंने अहिल्याबाई होल्कर को भारतीय इतिहास की महान महिला शासकों में से एक बताते हुए महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता पर बल दिया। मुख्य अतिथि ने अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व, कर्तृत्व और समाज में उनके योगदान पर विचार प्रस्तुत किए। महिलाओं को स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया और समाज में महिलाओं की भूमिका को लेकर सकारात्मक संदेश दिया।

### लिटिल एंजेल्स स्कूल के समर कैंप का समापन




**पीलीभीत, अमृत विचार :** लिटिल एंजेल्स स्कूल में चल रहे समर कैंप का शनिवार को समापन हुआ। अंतिम दिन की शुरुआत सरस्वती वंदना से कराई गई। बच्चों ने भाषा बैटल प्ले के जरिए शुद्ध हिंदी भाषा और सोशल मीडिया की भाषा के बीच एक रोचक संवाद प्रस्तुत किया। नवरस नृत्य में बच्चों ने जीवन के नौ रसों को जीवंत किया। बच्चों ने आत्मरक्षा की तकनीकें जानी। आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी में बच्चों ने लैंडस्केप, सीस्केप, पोर्ट्रेट, चलती तितली, पेपर बैग, पेन होल्डर, ऑर्गेंडी फूलों के गुलदस्ते, फेस मास्क, बर्थडे कार्ड आदि पसंद आए। मॉकटेल और मन्चीज में बच्चों ने मॉकटेल, सैंडविच और चाट बनाना सीखा और सबको चखाया। स्केटिंग शो में केजी से कक्षा दो के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने घुड़सवारी, क्रिकेट स्किल्स, बास्केटबॉल, और टेबल टेनिस में निपुणता हासिल की। संचालन शिक्षिका साक्षी पाठक ने किया। इस मौके पर प्रबंधक डॉ. संजीव अग्रवाल, प्रधानाचार्य एनसी पाठक, कार्यकारी निदेशक उज्जवल अग्रवाल, हेडमिस्ट्रेस नीना मेहरोत्रा, उप प्रधानाचार्या अंजू सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### अहिल्याबाई होल्कर की रंगोली बनाई



**पीलीभीत, अमृत विचार :** मरौरी ब्लॉक के जूनियर हाईस्कूल अलखथान में समर कैंप के दौरान बच्चों को नवाचार तरीके से हुनरमंद बनाया गया। साथ ही उन्हें सामान्य ज्ञान और भौगोलिक परिस्थितियों की भी जानकारी दी गई। खेल के माध्यम से जोड़, घटाना, गणितीय ज्ञान भी दिया गया। अनुदेशक रेशमा वर्मा, वंदना रानी ने बच्चों को गाइडलाइन के अनुसार शिक्षित किया। पूरनपुर के पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय खासपुर में शनिवार को समर कैंप में बच्चों को रानी अहिल्याबाई होलकर के बारे में बताया गया। समाज के लिए उनके योगदान को बताया। योग के लाभ बताए और योगाभ्यास भी कराया। अनुदेशक विनोद कुमार ने अहिल्याबाई होल्कर की रंगोली बनाकर बच्चों को अहिल्याबाई होलकर के बारे में जानकारी दी। शिक्षामित्र मिथिलेश ने बच्चों को स्वास्थ्य की प्रति कैसे सजग रहने के बारे में टिप्स दिए। प्रधानाध्यापक श्रीकृष्ण ने यातायात नियम बताए और इनका पालन करने की सीख दी।

### निरोग रहने के लिए बच्चों को कराया गया योग




**जहानाबाद, अमृत विचार :** पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय गौनेरीबदी में समर कैंप के दूसरे सप्ताह के बीच शनिवार को योग, आउटडोर, इंडोर गेम कराए गए। साथ ही रीडिंग कैंपेन का आयोजन भी किया गया, जिसमें बच्चों को स्वतंत्र रूप से मनपसंद पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजक गंगा प्रकाश ले उनके जीवन व आदर्शों और कार्यों पर प्रकाश डाला। उनके जीवन पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता कराई गई। महिला सशक्तिकरण के लिए दौड़ हुई। प्रधानाध्यापक प्रकाश चंद्र ने बताया कि समर कैंप में बच्चों के स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है उन्हें लू व संचारी रोगों से बचने के उपायों की जानकारी दी जा रही है। शिक्षामित्र सुरेश चंद्र ने भी विचार रखे।

आवश्यकता है
● लैब टेक्निशियन (BMLT/DMLT)
● O.T. टेक्नीशियन
● पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male/Female)
● नर्स (Male/Female) (ANM/GNM)
● आयुर्वेद परिचारिका
● मैट्रन (नर्सिंग का अनुभव)
● वार्ड ब्यॉय/वार्ड आया
● कैंटीन कुक
रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली।
मो. 8077808309, 9837357497

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ
सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
● BBA (Finance & Taxation)
● B.Com (Hons.)
● BCA (IT & Multimedia/AI & Machine Learning)
PG Programs
● MBA (Finance & Taxation/Healthcare Management/Sales & Marketing/HR/ IT/Business Analytics)
● M. Com. ● MCA
● MHA ● MPH
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)




# दो संगठनों में नाम पर मची रार, पुलिस ने संभाली कमान

## दिनभर लक्ष्मी टॉकीज गेट पर रहे सख्त इंतजाम, पीएसी भी लगाई, अखिल भारत हिंदू महासभा के नाम को लेकर जताई गई आपत्ति

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** एक ही नाम के दो संगठन को लेकर रार छिड़ गई। अपने संगठन के नाम से दूसरा संगठन संचालित होने की जानकारी पर पहले डीएम-एसपी से अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने शिकायत की। इसके बाद जब दूसरे पक्ष की ओर से कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारियां की तो विवाद और गहरा गया। हालांकि प्रशासनिक स्तर से कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी गई, मगर लक्ष्मी टॉकीज के गेट पर एक फ्लैक्स इसी संगठन के नाम से लगा दिया गया। विवाद की स्थिति को देखते हुए प्रशासन अलर्ट हुआ और दिनभर पुलिस-पीएसी तैनात रही। हिंदू महासभा के कार्यकर्ता भी इस पर निगाह बनाए रहे।

बता दें कि बीते दिनों अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा, जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा समेत कई कार्यकर्ताओं ने डीएम-एसपी से शिकायत की थी। इसमें बताया था कि उनके संगठन के नाम से एक फर्जी संगठन शुरू किया गया है, जिससे उनके संगठन के किसी भी सदस्य का कोई लेना-देना नहीं है। इस पर कार्रवाई की मांग की गई थी। उधर, दूसरे संगठन की ओर से लक्ष्मी टॉकीज में 31 मई को एक कार्यक्रम करने की तैयारियां शुरू कर दी गई। इसमें पहले अतिथि के तौर पर जनपद के कई जनप्रतिनिधियों के नाम भी लिख दिए गए। विवाद को देखते हुए प्रशासन की ओर से इस कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी गई।

वहीं, आयोजन करने वाले संगठन को फर्जी बताते हुए शिकायत करने वाले पक्ष ने ये भी चेतावनी दी थी कि अगर उनके संगठन के नाम का बैनर लगाकर कार्यक्रम किया गया तो उनकी टीम भी शामिल होने के लिए पहुंचेगी। ऐसे में विवाद की स्थिति बनने लगी थी। इसे देखते हुए शनिवार को सुबह से ही पुलिस की ओर से सख्त इंतजाम किए गए। सुबह से ही लक्ष्मी टॉकीज में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। हिंदू महासभा के कार्यकर्ता भी इस पर निगाह बनाए रहे। अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा का कहना है कि हमारे संगठन का नाम इस्तेमाल किए जाने का विरोध है। दूसरे पक्ष का ट्रस्ट है, वह उसी के नाम पर जो करना है, करे। इससे कोई आपत्ति नहीं है।


छतरी चौराहा स्थित बरात घर पर जमा हुए अखिल भारत हिंदू महासभा कार्यकर्ता।


लक्ष्मी टॉकीज में जमा दूसरे पक्ष से जमा लोग।

### देर शाम फिर गरमाया विवाद, पुलिस को दी तहरीर

दिनभर चली तनाव की स्थिति के बाद शाम को एक बार फिर मामला गरमा गया। फर्जी संगठन चलाने का आरोप लगाते हुए अखिल भारत हिंदू महासभा के जिलाध्यक्ष पंकज शर्मा समेत अन्य कार्यकर्ता मोहल्ला आसफजान के निवासी अमित दीक्षित दीक्षित को लेकर सुनगढ़ी थाने पहुंचे। यहां अमित दीक्षित की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई, जिसमें दूसरे संगठन के लोगों पर संगठन से जुड़ने और संरक्षण देने का आश्वासन देते हुए 550 रुपये रुपये गूगल पे के माध्यम से लेने का आरोप लगाया।

### दूसरा पक्ष बोला: हम फर्जी नहीं, अफसरों को पेश करेंगे अभिलेख

इस मामले में दूसरे पक्ष के लोगों ने खुद को सही करार दिया है। अयोध्या से आए राजेश कौशल ने बताया कि वह अखिल भारत हिंदू महासभा के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। जिले में हाल ही में अरविंद यादव को जोड़ा गया। संगठन को मजबूत बनाने के लिए बैठक होनी थी। हालांकि नहीं हो सकी है। उनका कहना है कि संगठन चाहे उनका वाला हो या फिर हमें फर्जी बताने वालों का, दोनों का कोई राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं है। दावा किया कि उनके संगठन का नाम अखिल भारत हिंदू महासभा ही है। इसके साक्ष्य होने की बात कही और कहा कि इसे वह अफसरों को देंगे। इसके बाद नियमानुसार प्रक्रिया अपनाकर काम किया जाएगा। ये भी आरोप लगाया कि उनका विरोध करने वालों में से एक व्यक्ति ने उनके संगठन से जुड़ी एक युवती को भी कॉल कर धमकाया है।

संगठन के नाम को लेकर दो पक्षों के बीच तनाव था। इसी को देखते हुए एक पक्ष द्वारा मांगी गई कार्यक्रम आयोजन की अनुमति नहीं दी गई। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। संबंधित विवाद को लेकर प्रशासनिक स्तर पर जांच चल रही है। दोनों को पक्षों को शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कहा गया है। – **पवन कुमार पांडेय**, इंस्पेक्टर, सुनगढ़ी

### बरात घर में जमा रहे कार्यकर्ता, गेट पर लगा फ्लैक्स बना मुद्दा

एक तरफ लक्ष्मी टॉकीज के बाहर भारी पुलिस बल मुस्तैद कर दिया गया था। दूसरी तरफ लक्ष्मी टॉकीज के गेट पर लगा संगठन के नाम से जुड़ा फ्लैक्स मुद्दा बन गया। हिंदू महासभा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता छतरी चौराहा के पास एक बरात घर में बड़ी संख्या में जमा रहे। इसी बीच संबंधित फ्लैक्स को हटवाने की मांग करते हुए सिटी मजिस्ट्रेट से शिकायत की गई। उनका कहना था कि अगर ये फ्लैक्स नहीं हटवाया गया तो वह खुद एकत्र होकर मौके पर जाएंगे। सिटी मजिस्ट्रेट ने पुलिस और नगर पालिका को इसे लेकर निर्देशित कर दिया। मगर, दोपहर बाद तक फ्लैक्स नहीं हटा। कार्यकर्ताओं ने बरात घर में एकत्र रहकर आगे की रणनीति बनाते रहे। देर शाम तक दोनों पक्षों से पुलिस की टीमें वार्ता कर शांति व्यवस्था का पाठ पढ़ाती रही। उधर, बाजार के बीच बंद टॉकीज के बाहर पूरे दिन फोर्स जमा रहने से राहगीर भी इसे लेकर जानकारी जुटाते रहे। फिलहाल लक्ष्मी टॉकीज पर लगे जिस फ्लैक्स को हटाने की मांग की गई थी, उसे देर शाम पुलिस से वार्ता के बाद हटा लिया गया है।

# वैज्ञानिक पद्धति से खेती करें किसान: केंद्रीय मंत्री


गांव दौलतपुर में गोष्ठी को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री व सांसद जितिन प्रसाद।

कार्यालय संवाददाता पीलीभीत

- **केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने अफसरों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के दिए निर्देश**

**अमृत विचार।** केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद जितिन प्रसाद ने कहा कि किसानों को वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित खेती करनी चाहिए। इससे किसान अपनी फसल उत्पादकता बढ़ाकर आय में वृद्धि कर आर्थिक स्थिति सुधार सकते हैं। वह शनिवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत बरखेड़ा ब्लाक के गांव दौलतपुर एवं मरौरी ब्लॉक के गांव सराय सुंदरपुर में हुई किसान गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

बरखेड़ा ब्लॉक के गांव दौलतपुर में राज्यमंत्री ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि किसान खेती-किसानी के परंपरागत तौर-तरीके छोड़कर वैज्ञानिक पद्धति पर कृषि कार्य करें। इससे न केवल उनकी वार्षिक आय में इजाफा होगा बल्कि उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी संबंधित विभागों में चल रही लाभार्थी परक योजनाओं का लाभ प्रत्येक किसान तक पहुंचाने का प्रयास करें, ताकि कोई भी पात्र किसान लाभ से वंचित न रहे।

बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद ने कहा कि कृषक अधिक से अधिक जैविक खेती करें। ताकि उनका एवं उनके परिवार का स्वास्थ्य ठीक रहे। इस दौरान डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने सभी विभागीय अधिकारियों को पूर्ण पारदर्शिता के साथ सबसे कमजोर व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। गोष्ठी में कृषि विज्ञान केंद्र एवं बरेली के वैज्ञानिकों ने किसानों को खेती की विभिन्न विधाओं एवं तकनीकी जानकारियों से अवगत कराया, जिससे किसान कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें। इस दौरान विभिन्न विभागों से आए अधिकारियों ने विभागों में संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उप कृषि निदेशक राम मिलन परिहार ने कृषि विभाग में संचालित योजनाओं के बारे में किसानों को जानकारी दी। इस मौके पर मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा, जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव, जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल, जिला कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. एसएस ढाका समेत जनपद के प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। संचालन देवस्वरूप पटेल ने किया।

# कार न मिलने पर तोड़ दिया रिश्ता

**बीसलपुर, अमृत विचारः** पांच लाख रुपये और कार की मांग पूरी न होने पर लड़का पक्ष ने तय रिश्ता तोड़ दिया। पिता ने 11 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी पुत्री का विवाह शाहजहांपुर के तिलहर क्षेत्र के ग्राम हरनोवा के रहने वाले युवक से तय हुआ था। 1 जून को शादी होना तय की गई। इसी बीच कार और पांच लाख रुपये की मांग लड़का पक्ष ने रख दी। इसको पूरा करने में असमर्थता जताने पर लड़का पक्ष ने शादी से इन्कार कर दिया। पुलिस ने मामले में ग्राम हरनोवा निवासी गोविंद, बेचेलाल, झब्बू लाल, मंगूलाल, मुकेशलाल, नन्हेलाल, सुरेंद्र, बृजेश, अशोक कुमार, राम सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# दहेज हत्या के दोषी पति, सास और ससुर को उम्रकैद, जुर्माना भी लगाया

विधि संवाददाता, पीलीभीत

- **सत्र न्यायालय ने सुनाया फैसला, हजारा क्षेत्र में साढ़े पांच साल पहले हुई थी वारदात**

**अमृत विचारः** सत्र न्यायाधीश अब्दुल शाहिद ने करीब साढ़े पांच साल पहले थाना हजारा क्षेत्र के ग्राम विजयनगर में हुए प्रियंका शर्मा दहेज हत्याकांड में आरोपी पति, सास और ससुर को दोषी पाते हुए उम्रकैद और प्रत्येक को 20-20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड वसूल होने पर आधी धनराशि मृतका के पिता को क्षतिपूर्ति के रूप में दी जाएगी।

अभियोजन कथानक के अनुसार हजारा थाने में दो जनवरी 2020 को लखनऊ जनपद के थाना हजरतगंज क्षेत्र के पीडब्ल्यूडी कॉलोनी निवासी वीरेंद्र तिवारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें बताया कि उनकी पुत्री प्रियंका शर्मा की शादी 13 मार्च 2019 को हजारा क्षेत्र के ग्राम विजयनगर निवासी अनूप शर्मा से हुई थी।

विवाह के बाद से ही प्रियंका का पति, ससुर गुड्डू शर्मा, सास इंदु शर्मा आदि कम दहेज का ताना देकर प्रताड़ित करने लगे। आए दिन मारपीट की जाती थी। वह बेटी से मिलने उसकी ससुराल आ रहे थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि दहेज के लिए उनकी पुत्री की हत्या कर दी गई है। पुलिस ने मृतका के शव का पंचायत नामा भर अंतिम परीक्षण कराया। विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से वीरेंद्र तिवारी, शिवानी तिवारी ,अजय तिवारी, डॉक्टर रमाकांत सागर आदि गवाहों को परीक्षित कराया गया। इस प्रकरण में सत्र न्यायाधीश अब्दुल शाहिद ने शनिवार को फैसला सुनाया।

न्यायालय ने आरोपी पति, सास और ससुर को दोषी पाकर प्रत्येक को आजीवन कारावास और बीस-बीस हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थ दंड वसूल होने पर आधी धनराशि मृतका के पिता को दी जाएगी। सजा सुनाने के बाद तीनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जिला कारागार भेज दिया गया है।

# सीओ की जांच में आरोप पाए गए गलत, दी गई क्लीन चिट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **दंपती के जहरीला पदार्थ पीकर जान देने की कोशिश करने का मामला**

**अमृत विचारः** दंपती के जहरीला पदार्थ पीकर जान देने की कोशिश करने का मामला तूल पकड़े हुए है। समाजवादी पार्टी के नेताओं ने भी दंपती से मुलाकात की। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भी ट्वीट कर चुके हैं। वहीं, इस मामले में आईजीआरएस पर दंपती की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत की जांच सीओ बीसलपुर ने पूरी कर ली है। इसमें एसडीएम, चेयरमैन समेत अन्य पर लगाए गए आरोप गलत बताए गए हैं। इसकी आख्या बनाकर सीओ की ओर से एसपी को भेज दी गई है।

बता दें कि बरखेड़ा के रहने वाले दंपती ने बीते दिनों वीडियो वायरल करते हुए जहरीला पदार्थ पीकर जान देने की कोशिश की थी। पति का आरोप था कि भ्रष्टाचार उजागर करती खबर प्रकाशित करने पर उस पर बरखेड़ा थाने में ठेकेदार की तरफ से रिपोर्ट दर्ज करा दी गई। वहीं, प्रशासनिक अफसर, जनप्रतिनिधि और स्थानीय पुलिस पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। पत्नी की ओर से पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी के खिलाफ की गई आईजीआरएस पर शिकायत को लेकर सीओ बीसलपुर डॉ. प्रतीक दहिया की ओर से जांच पूरी कर ली गई है। इसमें घटना के संबंध में सीसीटीवी फुटेज के विस्तृत अवलोकन और सीडीआर के अवलोकन के साथ ही अन्य बिंदुओं का हवाला देते हुए महिला द्वारा लगाए गए आरोप गलत पाए जाने की बात कही है।

### कहासुनी के बाद युवक की पिटाई


**बीसलपुर, अमृत विचार** : मामूली कहासुनी के बाद युवक की पिटाई कर दी गई। धारदार हथियार और डंडे से वार किए गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर के मोहल्ला ग्यासपुर निवासी रहीश शाह के पुत्र राशिद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 25 मई को वह अपने घर के बाहर बैठे हुए थे। इस बीच उसका पड़ोसी मुन्ना, फईम उसके घर के सामने आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर हमला कर दिया। जान से मारने की नीयत से बांका से वार करके घायल कर दिया। शोर मचाने पर मौके पर उसकी मां नफीसन, लाला, भूरा समेत काफी लोग जमा हो गए और बचाया। आरोपी मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइकों की टक्कर में युवक घायल

**बिठौराकलां, अमृत विचार** : असम हाईवे पर गांव बिठौराकला चौराहे पर शनिवार शाम दो बाइकों की टक्कर हो गई। हादसे में ललपुरिया गांव निवासी शिव कुमार पुत्र दुर्गई लाल और दियूनी बहादुरगंज निवासी कमल किशोर घायल हुए। जबकि कमल किशोर के साथ का युवक भाग गया। घायलों को अस्पताल भिजवाया गया है।

### घर-घर जाकर मांस बेचने वाले को पकड़ा

**माधोटांडा, अमृत विचार** : घर-घर जाकर मांस की बिक्री करने वाले एक व्यक्ति को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पकड़ लिया। उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। उसके पास से बरामद थैलियों में गोमांस होने की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना शनिवार सुबह की है। भारतीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सुबह करीब 7 बजे एक युवक को पकड़ा। उसके पास से थैली में मांस की बरामदगी हुई। कार्यकर्ताओं का आरोप था कि आरोपी घर-घर जाकर मांस की बिक्री करता है। उसके पास से बरामद मांस को भी गोमांस होने की आशंका जताई। पकड़े गए आरोपी को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। इंस्पेक्टर अशोक पाल ने बताया कि पकड़े गए युवक का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया है।










# अपनी जमीन पर बनवाएं तालाब, मिलेगी मदद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



- **खेत तालाब योजना के तहत जिले में बनाए जाएंगे 54 तालाब**
- **पचास प्रतिशत मिलेगा अनुदान कराना होगा ऑनलाइन पंजीकरण**

**अमृत विचार।** जनपद के किसान अब अपने खेतों में तालाब भी बना सकेंगे। तालाब बनाकर किसान सिंचाई के लिए जल संचयन के साथ मछली पालन आदि का कार्य कर सकते हैं। इसमें सरकार उनकी मदद करेगी। इसके लिए किसानों को 50 फीसदी अनुदान मिलेगा। इसके लिए किसानों को ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा।

शासन द्वारा खेत तालाब योजना शुरू की गई है। इस योजना के घटक पर ड्रॉप मोर क्रॉप के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए जनपद को 54 तालाबों का लक्ष्य दिया गया है। खेत तालाब योजना के तहत खेत तालाब निर्माण के लिए किसानों का ऑनलाइन चयन किया जाना है। किसानों का चयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर शुरू कर दिया गया है।

कृषि विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, तालाब की लंबाई 22 मीटर, चौड़ाई 20 मीटर और गहराई तीन मीटर होगी। लघु तालाब की लागत 1.05 लाख रुपये हैं। तालाब की कुल लागत का 50 फीसदी अनुदान के रूप में दिया जाएगा। शेष 50 प्रतिशत कृषक अंश रहेगा। तालाब खुद जाने के बाद अनुदान की धनराशि दो किश्तों में दी जाएगी। पहली किस्त के रूप में 39,375 रुपये जबकि दूसरी किश्त पक्का इनलेट कार्य पूरा होने के बाद 13,125 रुपये अनुदान के रूप में दिए जाएंगे। दोनों किस्तें डीबीटी के माध्यम से किसानों के खाते में भेजी जाएंगी।

### 1000 रुपये टोकन मनी करनी होगी जमा

तालाब खुदवाने के किसान upagriculture.up.gov.in पर ऑनलादन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए किसानों को दर्शन पोर्टल पर एक हजार रुपये टोकन मनी के रूप में जमा करना होगा। आवेदन करने के लिए आधार कार्ड, बैंक खाते की पासबुक, खतौनी की नकल की फोटो कॉपी, मोबाइल नंबर के साथ टोकन निकाल सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए किसान भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

खेत-तालाब योजना के तहत जनपद को 54 तालाब का लक्ष्य दिया गया है। इच्छुक किसान ऑनलाइन पंजीकरण करवाकर योजना का लाभ ले सकते हैं। योजना में उन किसानों को वरीयता दी जाएगी, जिन्होंने अपने खेत में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की स्थापना की है। – **कौशल किशोर**, प्रभारी भूमि संरक्षण अधिकारी

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ... भी है।...
हर समझदार गृहणी की पसंद
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## अमृत विचार आपके साथ....

प्रिय पाठक, आपके घर के आसपास या क्षेत्र में कोई ऐसी समस्या जो तमाम लोगों को प्रभावित करती है, परेशानी में डालती है फोटो के साथ हमें भेजें। हम उसे प्रकाशित कर आपकी समस्या संबंधित अधिकारी तक पहुंचाएंगे। Email : kheri@amritvichar.com

## एक नजर

### राज्यपाल के आगमन को लेकर प्रशासन अलर्ट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल दो जून यानी सोमवार को जिले में आ रही हैं। उनके आगमन को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में लग गया है। इसको लेकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी संकल्प शर्मा ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में कृषि, सहकारिता, एनआरएलएम, समाज कल्याण, उद्योग, आयुष, स्वास्थ्य एवं बाल विकास द्वारा लगाए जाने वाले स्टालों को लेकर निर्देश दिए। इसके अलावा शासकीय योजनाओं के लाभार्थियों का चयन एवं वितरण प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में डीएफओ सोरीश सहाय, संजय बिसवाल, सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह पीडी एसएन चौरसिया सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### पोल लगाते समय टूटी जलापूर्ति पाइप लाइन

**पलियाकलां, अमृत विचार :** पटिहन रोड पर बिजली विभाग के कर्मचारी हाइड्रा से खंभे लगा रहे थे। इसी बीच हाइड्रा की चपेट में आकर पानी की बड़ी पाइप लाइन डैमेज हो गई। इससे ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई है। टूटी हुई पाइप लाइन को दुरुस्त कर पेयजल आपूर्ति सुचारू करने में एक-दो दिन का समय लगेगा। पंचायत सहायक प्रशांत कुमार ने बताया कि जल्द ही लाइन को दुरुस्त करने के बाद सप्लाई शुरू कराई जाएगी।

# सात केंद्रों पर बीएड प्रवेश परीक्षा आज

## 3235 अभ्यर्थी होंगे शामिल, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में बने कंट्रोल रूम से होगी निगरानी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा रविवार को होगी। इसके लिए शहर के सात कॉलेज केंद्र बनाए गए हैं। इन पर 3235 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा में परिंदा भी पर न मार सके इसके लिए केंद्रों पर एआई तकनीक वाले कैमरे लगाए हैं। किसी भी तरह की गड़बड़ी होने पर कैमरे बुंदेलखंड विश्वविद्यालय स्थित कंट्रोल रूम को सूचित करेंगे।

बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के नोडल एवं युवराज दत्त महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर हेमंत पाल ने बताया कि शहर के सात विद्यालयों को केंद्र बनाया गया है। इन केंद्रों पर 3235 युवक युवतियां परीक्षा देगें। परीक्षा कराने की जिम्मेदारी एजेंसी को सौंपी गई है। शांतिपूर्वक और नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए एजेंसी की ओर से एआई तकनीक पर आधारित कैमरे परीक्षा केंद्र पर लगाए गए हैं। यह कैमरे बुंदेलखंड विश्वविद्यालय पर बने कंट्रोल से कनेक्ट रहेंगे। किसी भी तरह की गड़बड़ी पर कैमरे कंट्रोल रूम को अलर्ट भेजेंगे। अगले 10 सेकेंड में हॉटलाइन से केंद्राध्यक्ष से संपर्क होगा। एक बटन के क्लिक करते ही उसके बारे में पूरी जानकारी मिल जाएगी। इसके अलावा यदि कोई परीक्षार्थी अपने पड़ोसी अभ्यर्थी से उत्तर पूछने का प्रयास करेगा तो भी कैमरों में लगे सेंसर से कंट्रोल रूम को सूचना पहुंच जाएगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए सभी केंद्रों को इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर और हॉटलाइन से जोड़ा गया है।



युवराज दत्त महाविद्यालय।

### एक नजर में

1. प्रवेश परीक्षा सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी।
2. हर परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट और दो परीक्षा केंद्रों के बीच केंद्र प्रतिनिधि होगा।
3. वाजिब वजह पर ही आधा घंटे बाद तक मिलेगी केंद्र में प्रवेश की अनुमति।

| परीक्षा केंद्र का नाम | आवंटित अभ्यर्थी |
|---|---|
| 1. अबुल कलाम आजाद गर्ल्स इंटर कॉलेज | 490 |
| 2. भगवानदीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय | 490 |
| 3. भगवानदीन आर्य कन्या इंटर कॉलेज | 490 |
| 4. धर्मसभा इंटर कॉलेज | 490 |
| 5. गुरु नानक इंटर कॉलेज | 490 |
| 6. युवराज दत्त महाविद्यालय | 490 |
| 7. कृषक समाज इंटर कॉलेज सेठघाट रोड | 295 |

### परीक्षार्थी इसका रखें ध्यान

1. दो प्रति में प्रवेश पत्र लेकर पहुंचें, फोटो वही चस्पा करें, जो फार्म में लगाई है।
2. परीक्षा केंद्र पर एक घंटे पहले पहुंचे और रोल नंबर से कक्ष क्रमांक पता करें।
3. परीक्षा शुरू होने से आधा घंटे पहले सघन चेकिंग के बाद प्रवेश मिलेगा।
4. ओएमआर सीट 3 प्रति में होंगी, दो जमा होंगी व अंतिम साथ लेकर जा सकेंगे।

"बीएड प्रवेश परीक्षा संबंधी समस्त तैयारियां पूरी कर ली गई है। परीक्षा दो पाली में होगी। अभ्यर्थी किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए केंद्र पर निर्धारित समय से एक घंटा पहले पहुंचें।

**-प्रोफेसर हेमंत पाल**, प्राचार्य एवं नोडल युवराज दत्त महाविद्यालय

# विशेष सचिव उच्च शिक्षा ने किया निरीक्षण

संवाददाता, धौरहरा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री के निर्देश पर विशेष सचिव उच्च शिक्षा निधि श्रीवास्तव ने विकास खंड क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गांवों में विकास कार्यों का निरीक्षण किया। साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों व आंगनबाड़ी केंद्रों की जमीनी हकीकत जानी।

दो दिवसीय कार्यक्रम में विशेष सचिव ने ग्राम पंचायत गुदरिया, हसनापुर, बेलवा मोती, रसूलपुर का निरीक्षण किया। जिसमें नोडल अधिकारी निधि श्रीवास्तव ने स्कूल, आंगनवाड़ी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, उपकेंद्र, फॉर्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन एफपीओ, ग्राम पंचायत सचिवालय के अलावा प्रधानमंत्री आवासों का स्थलीय निरीक्षण किया। उसके बाद विकासखंड का निरीक्षण कर उन्होंने खंड विकास अधिकारी सुमित कुमार सिंह को विकास में विकास कार्यों पर नजर रखने की हिदायत दी।



ग्राम पंचायत गुदरिया में निरीक्षण करतीं विशेष सचिव उच्च शिक्षा निधि श्रीवास्तव।

### खाद के साथ जबरन नैनो यूरिया देने का आरोप

**खमरिया, अमृत विचार:** कस्बा खमरिया सहित आसपास के किसानों ने इफको केंद्र पर उर्वरक के साथ जबरन नैनों यूरिया देने का आरोप लगाया है। इससे किसान काफी परेशान हैं। किसानों ने उसकी शिकायत पत्र भेजकर डीएम से की है।

किसानों का आरोप है कि यूरिया की बोरियां तभी दी जा रही हैं, जब वे साथ में इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड का नैनो यूरिया भी खरीदें। उन्हें मजबूरन इसे लेना पड़ रहा है। ग्राम बसढ़िया के किसान अनिल कुमार ने बताया कि मुझे एक बोरी यूरिया लेने के लिए एक बोतल नैनो यूरिया महरिया स्थित इफको केंद्र पर जबरन दी जा रही थी। मना किया तो खाद विक्रेता ने यूरिया ही नहीं दी। यूरिया की किल्लत, उसकी ऊंची कीमत और नैनो यूरिया की जबरन बिक्री से किसानों में असंतोष है। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन को चाहिए कि इस पर तत्काल संज्ञान लें। कालाबाजारी और अनैतिक बिक्री पर कार्रवाई करे। किसानों को उनकी जरूरत की खाद समय पर और उचित दर पर उपलब्ध कराएं।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर 'सरकता भविष्य' फिल्म की स्क्रिनिंग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल में शनिवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्य एवं जिला अस्पताल के सीएमएस ने एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्रों द्वारा नशे के विरुद्ध बनाई गई लघु फिल्म 'सरकता भविष्य' की स्क्रिनिंग की।

सीएमएस डॉ. आरके कोली ने कहा कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को तंबाकू उत्पादों से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करना है। लोगों को जागरूक करने के लिए मेडिकल कॉलेज के प्रथम वर्ष के छात्रों ने तंबाकू उत्पादों के प्रयोग से होने वाले नुकसान पर सरकता भविष्य नाम से लघु फिल्म बनाई गई। इसका निर्माण डॉ. इंद्रेश राजावत ने प्रधानाचार्य के निर्देशन में किया है। प्रधानाचार्या डॉ. वाणी गुप्ता ने मौजूद लोगों को तंबाकू उत्पादों का सेवन न करने की शपथ दिलाते हुए कहा कि तंबाकू उत्पाद शरीर के लिए बेहद हानिकारक है। इसका सेवन करने से कैंसर से लेकर अन्य तमाम बीमारियां हो जाती है। जो जानलेवा भी हैं, इसलिए तंबाकू का सेवन करने से लोगों को बचने की जरूरत है।

डॉ. एसके मिश्रा, डॉ. आरपी वर्मा, डॉ. शिखर वाजपेयी, डॉ. मनोज शर्मा, डॉ. अमित कुमार सिंह, मैट्रन रजनी मसीह सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।



नशे का सेवन न करने की शपथ दिलातीं प्रधानाचार्या डॉ. वाणी गुप्ता।

- **एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्रों ने नशे के दुष्प्रभावों पर बनाई फिल्म**

(भारत सरकार द्वारा MSME Act के अंतर्गत निबंधित सोशल वेलफेयर स्टार्ट अप)
प्राथमिक चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कल्याण परिषद्, उ.प्र.
दिनांक 16 मार्च 2025 को काउंसिल द्वारा जारी विज्ञापन के अंतर्गत काउंसिल के कार्मिक प्रकोष्ठ द्वारा जारी की गई चयन सूची के अनुसार काउंसिल प्रबंधन बोर्ड द्वारा निर्धारित/प्रस्तावित कार्यक्रमों के लिए नव नियुक्त/मनोनित पदाधिकारी एवं सदस्यों को
हार्दिक शुभकामनाएं
सारथी जयंती प्रसाद, कार्यकारी प्रबंध निदेशक (सारथी आयुष्मान भारत मिशन)
सारथी शिवा यादव, कार्यकारी प्रबंध निदेशक (सारथी शक्ति वंदन मिशन)
सारथी भोला शंकर त्रिपाठी, मंडलीय कार्यक्रम समन्वयक (सारथी आयुष्मान भारत मिशन)
सारथी संदीप कुमार, मंडलीय कार्यक्रम सचिव (सारथी आयुष्मान भारत मिशन, बरेली मंडल)
सारथी शान मुहम्मद, उत्पाद विपणन प्रभारी PMPHWC
सारथी जितेंद्र सिंह, जिला कार्यक्रम समन्वयक, जनपद शाहजहांपुर (सारथी आयुष्मान भारत मिशन)
सारथी श्रीमती चांदनी शर्मा, जिला कार्यक्रम समन्वयक, जनपद पीलीभीत (सारथी शक्ति वंदन मिशन)
सारथी शोभा राम, जिला कार्यक्रम समन्वयक जनपद झांसी (सारथी आयुष्मान भारत मिशन)
सारथी चंद्र शेखर गौतम, सहायक जिला कार्यक्रम समन्वयक पूरनपुर (पीलीभीत) (सारथी आयुष्मान भारत मिशन)
सारथी श्रीमती वंदना यादव, सहायक जिला कार्यक्रम समन्वयक तिलहर शाहजहांपुर (सारथी शक्ति वंदन मिशन)
सारथी तुषार शर्मा, सहायक जिला कार्यक्रम समन्वयक आंवला (बरेली) (सारथी आयुष्मान भारत मिशन)
सारथी कु. वीटू, सदस्या (सारथी शक्ति वंदन मिशन)
सारथी नीरज कुमारी, सदस्या (सारथी शक्ति वंदन मिशन)
सारथी श्रीमती ब्रजेश कुमारी, सदस्या (सारथी शक्ति वंदन मिशन)
सारथी श्रीमती शिवांशी कटियार, सदस्या (सारथी शक्ति वंदन मिशन)
सारथी कु. पूजा पासवान, सदस्या (सारथी शक्ति वंदन मिशन)
सारथी कु. लक्ष्मी देवी, सदस्या (सारथी शक्ति वंदन मिशन)
सारथी पुष्पा देवी, सदस्या (सारथी शक्ति वंदन मिशन)
सारथी श्रीमती सोमवती, सदस्या (सारथी शक्ति वंदन मिशन)
सारथी श्रीमती भानुमती, सदस्या (सारथी शक्ति वंदन मिशन)
एस. के. शर्मा - फाउंडर/अध्यक्ष
एस. सी. आचार्य - फाउंडर/प्रमुख सचिव
HELP LINE : +91-7037446708
e-mail : info.pmphwc.7037@gmail.com

# जुलाई में 91 लाख पौधारोपण का लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **पुलिस, परिवहन, आवास विकास और श्रम विभाग ने अभी नहीं दी कार्य योजना**

**अमृत विचार:** जुलाई के पहले सप्ताह में पौधारोपण अभियान शुरू होने की उम्मीद है। इसको लेकर जिले में 9107300 पौधे रोपित करने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें से सबसे ज्यादा लक्ष्य 41.88 लाख ग्राम्य विकास विभाग को दिया गया है।

इस साल पौधारोपण अभियान में दक्षिण खीरी वन प्रभाग को 1092200, बफरजोन इलाके में 1006700 पौधे रोपित करने के आदेश दिए गए हैं। पर्यावरण विभाग 269000, ग्राम्य विकास विभाग 4188000, राजस्व विभाग 35200, कृषि विभाग 837000, बेसिक शिक्षा और उच्च शिक्षा 41000-41000 विभाग पौधों को रोपण करेगा। इसी तरह रेशम विभाग को 33000, पंचायतीराज विभाग को 427000, नगर विकास विभाग को 48000, लोक निर्माण विभाग को 24000, उद्यान विभाग को 519000, रेलवे को 29000 सहित अन्य विभागों को भी लक्ष्य दिया गया है।खास यह है कि पुलिस, परिवहन, आवास विकास और श्रम विभाग ने अभी तक पौधारोपण की कार्य योजना तक वन विभाग को उपलब्ध नहीं कराई है। उच्च शिक्षा, कृषि विभाग ने आधी अधूरी कार्य योजना दी है।

नगर विकास विभाग में सिर्फ नगर पालिका लखीमपुर ने अपनी कार्य योजना दी है। अन्य नगर पालिकाओं और नगर पंचायत ने भी अभी तक अपनी कार्य योजना नहीं दी है। उधर वन विभाग ने गढ्डों को खोदकर उसमें खाद डालकर पटाई भी शुरू कर दी है। अन्य विभागों ने भी गड्ढे खुदवाने शुरू कर दिए हैं। दक्षिण खीरी की 22 और बफरजोन की 30 नर्सरियों में तीन से चार फिट के पौधों का उगान कार्य पूरा कर लिया है।

वहीं उद्यान विभाग अपनी नर्सरियों में पौधा उगान कर रहा है। इन नर्सरियों से विभागों को लक्ष्य के अनुसार पौधे रोपण स्थल पर भेजें जाएंगे। डीएफओ संजय बिस्वाल ने बताया कि जुलाई के प्रथम सप्ताह में पौधारोपण अभियान शुरू होने की उम्मीद है। विभागों से कार्य योजना देने के लिए कहा गया है। लगभग सभी विभागों की कार्य योजना आ गई है। जिनकी नहीं आई है, उनसे मांगी जा रही है।

# दुष्कर्म के झूठे आरोप में महिला पर कोर्ट का शिकंजा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **अपराध निरीक्षक की तहरीर पर की गई रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचार:** दुष्कर्म का मामला पुलिस की जांच में झूठा मिलने के बाद अब कोर्ट ने रिपोर्ट दर्ज कराने वाली महिला पर शिकंजा कस दिया है। सदर कोतवाली पुलिस ने सीजेएम के आदेश पर मुकदमे की वादी महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच तेज कर दी है।

शहर निवासी एक महिला ने 2024 में सदर कोतवाली के मोहल्ला प्यारेपुर निवासी भूपेंद्र वर्मा के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट आदि का आरोप लगाते हुए सदर कोतवाली में रिपोर्ट लिखाई थी। इस प्रकरण की विवेचना तत्कालीन एसएसआई दयाशंकर द्विवेदी ने की। जांच में मामला झूठा साबित होने पर विवेचक ने 30 जून को क्लोजर रिपोर्ट सीजेएम कोर्ट में दाखिल की थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था, लेकिन कोर्ट ने झूठे आरोप लगाने को काफी गंभीर माना और 21 मई 2025 को मुकदमा वादिनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश सदर कोतवाली पुलिस को दिए थे। इस पर सदर कोतवाली पुलिस ने इंस्पेक्टर अपराध हरिप्रकाश यादव की तहरीर पर मुकदमे की वादी आरोपी महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

शहर कोतवाल हेमंत राय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
- BA (Journalism/Mass Communication)
- BA (Hons.) in English
- BA (Hons.) in Political Science
- BA (Hons.) in Sociology
- BA (Hons.) in Economics
- BA (Hons.) in Psychology
- B. Lib.
PG Programs
- MA (Journalism/Mass Communication/ Public Relations/Electronic Media/Advertising)
- MA (English/Political Science/Sociology/ Economics/Hindi)
- MA (Translation Studies)
- MA (Applied & Clinical Psychology)
- M.Lib.
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# बैकफुट पर आए डॉक्टर, शपथ पत्र देने पर ही मिलेगा वेतन

- **प्रधानाचार्या बोलीं- बाहरी व्यक्ति बैठाने की नहीं मिलेगी अनुमति**
- **सहयोग के लिए जिला अस्पताल में पर्याप्त कर्मियों की है तैनाती**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की प्रधानाचार्य पर तानाशाही का आरोप लगाने वाले जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक बैकफुट पर आ गए हैं। शनिवार की बैठक में सभी ने सोमवार को शपथ पत्र देने की हामी भर दी है। वहीं सहायक की मांग पर प्रधानाचार्या ने चिकित्सकों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सहयोगी के नाम पर बाहरी युवकों को बैठाने की अनुमति कदापि नहीं मिलेगी। डॉक्टरों को अस्पताल स्टाफ से ही सहयोग लेना होगा।

जिला अस्पताल में बाहरी युवकों की भरमार है जो ओपीडी से लेकर वार्ड एवं ओटी में मरीजों का शोषण करते हैं। इस पर अंकुश लगाने के लिए प्रधानाचार्या ने पिछले दिनों शिकंजा कसकर चिकित्सकों से इस आशय का शपथ पत्र मांगा कि उनके साथ कोई बाहरी युवक नहीं रहता है। यदि कोई मिलता है तो उसकी जिम्मेदारी उनकी स्वयं होगी। इससे नाराज डॉक्टरों ने प्रधानाचार्या पर तानाशाही का आरोप लगाकर समय पर वेतन दिलाने के साथ एक सहयोगी की मांग पूरी न करने पर तीन जून से कार्य बहिष्कार का ऐलान कर दिया। इस पर शनिवार को जिला अस्पताल पहुंचीं प्रधानाचार्या ने बैठक कर डॉक्टरों से कहा कि अप्रैल का वेतन निकल चुका है। शपथ पत्र मिलते ही मई का वेतन भी पहले सप्ताह में निकाल दिया जाएगा। मगर, सहयोग के लिए बाहरी युवक बैठाने की अनुमति बिल्कुल नहीं दी जाएगी।



जिला अस्पताल के सीएमएस कक्ष में वार्ता करतीं प्रधानाचार्या डॉ. वाणी गुप्ता।

### प्रधानाचार्या बोलीं : अस्पताल स्टाफ से लें सहयोग

प्रधानाचार्या ने बैठक में चिकित्सकों से दो टूक कहा कि बाहरी युवकों को बैठाने की अनुमति बिल्कुल नहीं मिलेगी। रही बात सहयोग की तो इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर, सीनियर रेजीडेंट, जूनियर रेजीडेंट, स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट, वार्ड ब्वाय, सिक्योरिटी गार्ड (25 एनएचएम एवं 16 सेवानिवृत्त पूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड सहित 12 होमगार्ड) के अलावा सफाई कर्मी तैनात हैं। ओपीडी में फार्मासिस्ट आदि का सहयोग लें। रही बात मरीजों की लाइन लगवाने की तो इसके लिए अस्पताल में तैनात 40 सिक्योरिटी गार्डों का सहयोग लें।

### बोले चिकित्सक: सोमवार तक जमा कर देंगे शपथ पत्र

जिला अस्पताल के सीएमएस कक्ष में शनिवार को हुई बैठक में चिकित्सकों ने सफाई देते हुए कहा कि शपथ पत्र मांगने का उद्देश्य गलत समझा गया। मगर स्थिति स्पष्ट होते ही सभी चिकित्सक सोमवार तक अपना शपथ पत्र जमा कर देंगे।

## रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने एआरएम को सौंपा

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने डीएम को संबोधित ज्ञापन एआरएम को सौंपा हैं, जिसमें विभिन्न मार्गों पर अवैध रूप से संचालित हो रहे डग्गामार वाहनों के संचालन पर रोक लगाए जाने की मांग की गई है। कर्मचारियों का कहना है कि परिवहन निगम के बस स्टेशन के सामने से छोटे, बड़े डग्गामार वाहनों का संचालन हो रहा है। कर्मचारी जब इन्हें रोकने का प्रयास करते हैं तो उनके साथ मारपीट की जाती है। निगम की बसों की आय प्रभावित होती है, जिसके कारण 50 प्रतिशत से कम लोड फैक्टर आने पर संविदा चालकों परिचालकों के वेतन में कटौती की जा रही है। कम आमदनी के कारण नियमित कर्मचारियों का महंगाई भत्ता देय तिथि तक नहीं मिल पाता है। उन्होंने डीएम सहित उच्च अधिकारियों को भेजे ज्ञापन में कहा है कि डग्गामारी पर रोक लगवाई जाए। जिले की सीमा में गुजरने वाले पर्यटक परमिट धारक बसों की जांच कराई जाए।

# सुभासपा अकेले लड़ेगी पंचायत चुनाव

### एक दिवसीय कार्यक्रम के तहत जिले में आए पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर बोले

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** सूबे के पंचायती राज मंत्री एक दिवसीय कार्यक्रम के तहत शनिवार को जिले में आए। उन्होंने जिले की सीमा में प्रवेश कर मोहम्मदाबाद स्थित अमृत सरोवर का निरीक्षण कर उसकी सराहना की। साथ ही विभागीय समीक्षा कर पंचायत चुनाव भाजपा के साथ न लड़ने का ऐलान किया।

योगी सरकार की सहयोगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के मुखिया ओम प्रकाश राजभर ने अगले साल होने वाले पंचायत चुनाव भारतीय जनता पार्टी से अलग लड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने बताया यह निर्णय कार्यकर्ताओं को राजनीति में आगे बढ़ाने के लिए लिया है।

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी कहा कि जो कार्यकर्ता पार्टी के लिए सालों से काम कर रहे हैं, उन्हें राजनीति में आगे बढ़ने का अवसर मिलना ही चाहिए। अमृत सरोवर की भ्रमण कर उसकी सराहना की। इसके बाद विभागीय समीक्षा कर निघासन के लिए निकल गए। इस दौरान जिला पंचायत प्रतिनिधि डॉ. नरेंद्र सिंह, जिला मंत्री भारतीय जनता पार्टी ब्रजेश सिंह, डीपीआरओ, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आदि मौजूद रहे।


मोहम्मदाबाद में अमृत सरोवर का निरीक्षण करते पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर।

## पिछड़े व दलितों को न्याय दिलाने के बाद ही सत्ता में आए

**निघासन अमृत विचारः** महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म शताब्दी वर्ष पर कस्बा के एक बारात घर में कार्यक्रम हुआ। इसमें मुख्य अतिथि कबीना मंत्री ओम प्रकाश राजभर रहे। कार्यक्रम में कबीना मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि 14 साल तक भगवान राम की तरह हम भी सत्ता से दूर रहे हैं। पिछड़ों और दलितों को न्याय दिलाने के बाद ही सत्ता में आए हैं। प्रदेश में सपा और बसपा के दलों ने आमंत्रित किया कि हमारे साथ आ जाओ, लेकिन हम नहीं गए। जब पिछड़े और ओबीसी को न्याय दिला सका तभी हम भाजपा के साथ आए। हमारे कार्यकर्ताओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक किया है। हम सच के अलावा कुछ नहीं बोलते हैं। आज बहुत गर्मी है। जब हम कार से उतरकर गेट पर पहुंचे तो ऐसा लग रहा था कि आग जल रही है। लोग गर्मी के कारण हाल छोड़कर बाहर जा रहे हैं। यह अपरिपक्वता के कारण है। जब परिपक्व हो जायेंगे तब जाड़ा और गर्मी बर्दाश्त कर लेंगे। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमन दीप सिंह, भाजपा प्रदेश सह संयोजक राजेश्वर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## पतिया-11 को हराकर फाइनल में पहुंची मुन्नापुरवा- 11

**मझगई, अमृत विचारः** मुन्नापुरवा नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का सेमी फाइनल पतिया- 11 और मुन्नापुरवा-11 के बीच खेला गया। मुन्नापुरवा-11 टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम के खिलाड़ियों ने 10 ओवर में 72 रन बनाए। इसमें पिंटू ने 21 रन बनाए। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी पतिया- 11 टीम ने 10 ओवर में मात्र 53 रन ही बना सके। इसमें मुन्नापुरवा- 11 टीम ने 18 रन से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह सुनिश्चित की। मुन्नापुरवा टीम के इलियास ने तीन विकेट लेकर टीम को फाइनल में जगह बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर इलियास को मैन ऑफ द मैच चुना गया। ग्राम पंचायत छेदुई पतिया के पूर्व प्रधान अवधेश कुमार, शिक्षक नीरज मौर्य एवं मंगतराम ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर तमाम क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### प्रथम स्थान पाने वाले मदरसे के विद्यार्थी पुरस्कृत

**गोला गोकर्णनाथ,अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला ईदगाह में मदरसा इस्लामिया हाईस्कूल में रिजल्ट वितरण एवं पुरस्कार वितरण समारोह में प्रत्येक कक्षा में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य वारिस अली अंसारी ने मदरसे की शिक्षण व्यवस्था और अनुशासन की प्रशंसा की। उन्होंने कक्षा में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों की हौसला



आफजाई कर स्मृतिचिन्ह, प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया। इस दौरान प्रधानाचार्य जुबेर खान, प्रबंधक वकारुल्ला खान, मास्टर सबील अंसारी आदि रहे।

### तीन सदस्य टीम ने की गो आश्रय स्थल की जांच



**मूड़ा सवारान,अमृत विचार :** बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत रहीमनगर ग्रंट स्थित अस्थाई गो आश्रय स्थल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने में तमाम मृत गोवंश एक नाली में पड़े दिखे थे। जिसे लेकर भारतीय किसान यूनियन संगठन के जिलाध्यक्ष दिलबाग सिंह संधू ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन गोला एसडीएम को दिया था। मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित की गई, जिसे सोमवार को विस्तृत रिपोर्ट देनी है। एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता द्वारा गठित तीन सदस्यीय टीम शनिवार को मौके पर जांच करने पहुंची। जांच टीम में तहसीलदार सुखवीर सिंह, बिजुआ खंड विकास अधिकारी महावीर सिंह, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी अमित कात्यान आदि ने अस्थाई गो आश्रय स्थल में चारा, पानी, भूसा, दाना आदि की व्यवस्थाएं देखीं। साथ ही वायरल वीडियो में दिख रही नाली में मृत पड़े गौवंशीय पशु एवं खच्चर का पंचनामा भरकर रिपोर्ट तैयार की। जांच करते समय भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष दिलबाग सिंह संधू के प्रतिनिधि संतराम अधिकारियों के साथ मौजूद रहे। गोला तहसीलदार सुखवीर सिंह ने बताया कि रहीमनगर गोशाला में मृत गोवंशीय पशुओं के साथ कई खच्चर और घोड़े के शव भी मिले हैं। पशु पालकों ने अपने खच्चर और घोड़े की पहचान की है। जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है।

### एनसीसी कैडेट्स ने नशे से बचने के लिए किया प्रेरित

**संपूर्णानगर, अमृत विचार :** कस्बा में पब्लिक इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने शनिवार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। इस दौरान राहगीरों को नशे का सेवन न करने और इससे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। दुर्गा मंदिर तिराहे पर आयोजित नुक्कड़ नाटक में एनसीसी कैडेट्स ने तम्बाकू सेवन से होने वाले नुकसान बताए। कैडेट्स ने कहा कि तंबाकू का सेवन सामाजिक बुराई ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है, जो आर्थिक छति पहुंचाता है। एनसीसी के छात्रों ने कस्बावासियों से लेकर राहगीरों को तम्बाकू से होने वाली बीमारियों खासकर कैंसर आदि के बारे में बताया। प्रधानाचार्य ओम प्रकाश गौड़, एनसीसी लेफ्टिनेंट विशाल पराशर, व्यापार मण्डल मिश्रा गुट अध्यक्ष इंद्रजीत सूरी, भाजपा नेता मनोज चड्ढा आदि मौजूद रहे।

# प्रतियोगिताः सीनियर वर्ग में गुरजीत और जूनियर में अक्षिता बनीं विजेता

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **भाजपा केंद्रीय नेतृत्व की ओर से कराई गई ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता**

**अमृत विचारः** रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं शताब्दी वर्ष पर भाजपा केंद्रीय नेतृत्व की ओर से ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता कराई गई। सीनियर एवं जूनियर वर्ग में हुई प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग से गुरजीत सिंह और जूनियर वर्ग से अक्षिता शुक्ला विजेता रहीं। शनिवार को पार्टी कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन कर दोनों विजेताओं को जिलाध्यक्ष ने सम्मानित किया।

कार्यक्रम का आरंभ कर जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा की लोक माता अहिल्याबाई होल्कर ने हर क्षेत्र में जनता के हितों का ध्यान रखा। उनके शासनकाल में न्याय व्यवस्था कठोर थी, जिससे अपराध न के बराबर होते थे। समाज में शिक्षा का प्रसार कर लोगों को इसके लिए जागरूक किया। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं एवं पुरुषों को वस्त्र उद्योग के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का कार्य किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मौजूदा समय में उनके प्रेरणादाई कार्यों को जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। गोला नगर पालिका अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि विजय शुक्ला रिंकू ने कहा अहिल्याबाई का जीवन संघर्ष में रहा। इसके बावजूद उन्होंने शिक्षा की ज्योति जलाई। कार्यक्रम संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमारी ने बताया कि भाजपा की ओर से 10 दिन से निरंतर कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसमें समाज की बेहतरी के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों के बारे में लोगों को बताया जा रहा है।

भाजपा जिला प्रवक्ता रमेश चंद्र मिश्रा ने बताया की इस दौरान केंद्रीय नेतृत्व ने ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता कराई थी, जिसमें सीनियर वर्ग में गुरजीत सिंह प्रथम, सचिन कुमार द्वितीय एवं अनुज शर्मा तृतीय रहे। जबकि जूनियर वर्ग में अक्षिता शुक्ला प्रथम, अस्मिता पांडे द्वितीय एवं बीरू पटेल तृतीय रहे। विजेताओं की हौसलाफजाई कर जिलाध्यक्ष, पूर्व नगर अध्यक्ष दीपक पुरी एवं आलोक मिश्रा ने शील्ड व नकद धनराशि देकर सम्मानित किया। इस दौरान अवध क्षेत्र की महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण अग्रवाल, विजय महेश्वरी, रामजी मौर्य, कार्यक्रम सह संयोजक एवं क्रय विक्रय समिति अध्यक्ष रामजी दीक्षित आदि मौजूद रहे।


निबंध प्रतियोगिता की विजेता को सम्मानित करते जिलाध्यक्ष सुनील सिंह व अन्य।


वाईडी कॉलेज में अहिल्याबाई होल्कर के बारे में बताते प्राचार्य प्रोफेसर हेमंत पाल।

उधर, युवराज दत्त महाविद्यालय में महान शासिका अहिल्याबाई होल्कर का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्राचार्य प्रोफेसर हेमन्त पाल ने कहा कि भारतीय इतिहास में अहिल्याबाई होल्कर एक दूरदर्शी और बहादुर योद्धा थीं। उनका शासनकाल न्यायप्रियता व सशक्त सैन्य शक्ति के लिए प्रसिद्ध था। उन्होंने बुद्धिमत्तापूर्ण व न्यायोचित ढंग से मालवा पर शासन किया। सांस्कृतिक समिति संयोजक प्रोफेसर नीलम त्रिवेदी ने अहिल्याबाई के मानवीय, उदार एवं धार्मिक पक्ष से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। इस दौरान समस्त शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## अहिल्याबाई ने समाज कल्याण को किया काम


महिला को सम्मानित करते मुख्य अतिथि श्री कृष्ण शास्त्री।


नगर पालिका की गोष्ठी में बोलते धर्मेंद्र गिरि मोंटी।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- **त्रिशताब्दी अभियान में स्वच्छता में योगदान करने वाली महिलाएं सम्मानित**

**अमृत विचारः** नगर पालिका परिषद में महारानी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी अभियान कार्यक्रम मनाया गया, जिसमें स्वच्छता में विशेष योगदान करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र देखकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

नगर पालिका परिषद के सभागार में मनाए गए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरदोई के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण शास्त्री, विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि युवा नेता धर्मेन्द्र गिरि मोंटी, कार्यक्रम अध्यक्ष चेयरमैन विजय शुक्ला रिंकू ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर जयंती का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि श्री शास्त्री ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई ने धर्म व सामाजिक कल्याण के लिए काम किया था। इनका शासनकाल इतना अच्छा था कि लोग इन्हें न्याय की देवी कहते थे। विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि धर्मेन्द्र गिरि मोंटी ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर धर्मनिष्ठ थी। अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि सशक्त महिलाएं समाज की प्रगति की महत्वपूर्ण कुंजी है। अतिथियों ने स्वच्छता में विशेष योगदान करने वाली 10 महिलाओं बीनू देवी, श्याम बेटी, लक्ष्मी देवी, लाली, सरिता देवी, रुबी, मीना, रुपा, किरन और सुमन देवी को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

गोष्ठी में अधिशाषी अधिकारी सुरेन्द्र कुमार, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप कुमार वर्मा, सभासद आनंद सोनी, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री विनोद स्वर्णकार, पूर्व नगर अध्यक्ष दीपेन्द्र गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता विश्वकर्मा, सरिता गौड़, गीता दुबे, सीमा वर्मा आदि मौजूद रहे।

## पारुल रॉयल्स को हरा सतगुरु टाइटंस की टीम विजेता

संवाददाता, बिजुआ

- **पड़रिया तुला कस्बे में खेला जा रहा स्व. सोमा देवी नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट**

**अमृत विचारः** स्व. सोमादेवी नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत शनिवार को पारुल रॉयल्स और सतगुरु टाइटंस के बीच मैच खेला गया। इसमें सतगुरु टाइटेंस की टीम विजेता रही। टूर्नामेंट में हरफन मौला प्रदर्शन करने पर सतगुरु टाइटंस के खिलाड़ी साहब लाल राज को मैन ऑफ दि मैच बने।

पड़रिया तुला कस्बे की बाजार में खेली जा रही प्रतियोगिता में पारुल रॉयल्स एवं सतगुरु टाइटंस की बीच 10 ओवर का मैच खेला गया। सतगुरु टाइटंस के कप्तान संतोष वर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। सतगुरु टाइटेंस की घातक गेंदबाजी के सामने पारुल रॉयल्स के बल्लेबाज घुटने टेक गए। पारुल रॉयल्स के बल्लेबाज राहुल ने 35 रन की पारी खेली। पूरी टीम 10 ओवर में मात्र 75 रन पर ऑल आउट हो गई। सतगुरु टाइटंस के गेंदबाज साहब लाल राज ने हैट्रिक लगाकर पांच विकेट लिए तो वहीं आशुतोष त्रिपाठी ने दो, रवि विश्वास ने दो एवं विवेक राज ने एक विकेट लिया। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी सतगुरु टाइटंस टीम के बल्लेबाज सुक्खा एवं राहुल हलदर की आतिशी पारी की बदौलत टीम ने पांच विकेट से मैच अपने नाम किया। पांच विकेट लेने पर सतगुरु टाइटेंस के गेंदबाज साहब लाल को मैन ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया।

कमेंट्री प्रदीप मिश्रा, राहुल नयन और स्कोरिंग वसीम अंसारी ने की। मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी श्याम खन्ना, सुशील गुप्ता, अमन प्रीत सिंह को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान टूर्नामेंट समिति अध्यक्ष अमन बॉथम, पंकज गुप्ता, धीरेंद्र सिंह, उपेंद्र सिंह, अमित वर्मा,सुमन वर्मा, रोहित शर्मा, प्रिंस यादव, किशन खन्ना, नदीम अंसारी, अथर्व मिश्रा, उमेश गुप्ता, नीरज सिंह, नीरज मिश्रा, मुकेश श्रीवास्तव, विजय करन भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

## छात्राओं ने नशा मुक्ति रैली निकाल कर लोगों को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



मिश्राना चौराहे पर ढपली बजाकर नशे के दुष्प्रभाव बताती छात्राएं। ● अमृत विचार

- **ढपली प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं ने नुक्कड़ नाट्य का मंचन कर किया प्रेरित**

**अमृत विचारः** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर गायत्री परिवार के ढपली प्रशिक्षण कार्यक्रम की छात्राओं की शहर में जागरुकता रैली निकाली। छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक का मंचन कर राहगीरों को नशे से दूर रहने और इसके दुष्प्रभावों के बारे में बताया।

गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ के अनुराग मौर्य ने बताया कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर ढपली प्रशिक्षण सीख रही छात्राओं ने नशा मुक्ति के लिए नगर में जागरुकता रैली निकाली। इसका आरंभ सनातन धर्म बालिका इंटर कॉलेज से हुआ। प्रधानाचार्य शिप्रा वाजपेयी एवं विद्यालय प्रबंध समिति सदस्यों ने पीला ध्वज लहराकर नशा मुक्ति रैली रवाना की। छात्राओं ने ढपली वादन कर राहगीरों को नशे का सेवन न करने का संदेश दिया। सदर चौराहा से हीरालाल धर्मशाला चौराहा पहुंचकर छात्राओं ने नुक्कड़ नाट्य का मंचन किया। इसमें नशा न करना, मान लो कहना- प्यारे भाई बहना, होगी बड़ी खराबी गीत पर नृत्य कर राहगीरों को नशे के घातक परिणामों से सावधान रहने के लिए प्रेरित किया। युवा प्रकोष्ठ के अजय वर्मा ने बताया नशा मुक्ति अभियान गायत्री परिवार के प्रमुख सप्त आंदोलनों में से एक प्रमुख है, जो पूरे देश में साल भर सक्रियता के साथ चल रहा है। रैली में गायत्री परिवार महिला मंडल की दीपा वर्मा, संगीता वर्मा, बालिका विद्यालय की ढपली संगीत प्रशिक्षण प्रभारी शिक्षिका रिंकी पांडेय सहित दीपक वर्मा, अमल वर्मा, रुद्रांश वर्मा, आर्य श्रेष्ठ, अनन्या तिवारी, प्रिया बरनवाल, चांदनी, अंतरा, गुड़िया कश्यप, मन्नतदीप गुप्ता, एंजल निषाद, अविका पटेल, अनन्या पांडेय, रीतिका रस्तोगी, राधा गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

## एलाइड क्लब, घोसियाना इलेवन व फ्रेंड्स क्लब विजेता

- **गोला कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट**

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** गोला कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में तीसरे दिन खेले गए तीन मैचों में एलाइड क्लब, घोसियाना और फ्रेंड्स क्लब की टीमों ने अपनी प्रतिद्वंद्वी टीमों को पराजित कर जीत दर्ज की।

नगर के पब्लिक इंटर कॉलेज स्थित राजेंद्र गिरि स्टेडियम में खेले जा रहे 18वें गोला कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन व्यापार मंडल के जिलध्यक्ष राममोहन सोनी, रिटायर्ड रेंजर केके गुप्ता, चिल्ड्रेंस एकेडमी के डायरेक्टर अनुभव गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल आरंभ कराया। टूर्नामेंट के तीसरे दिन पहले मैच में चिल्ड्रेंस एकेडमी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 86 रन बनाए और प्रतिद्वंद्वी टीम एलाइड क्लब को 87 रनों का लक्ष्य दिया, जिसे एलाइड के कप्तान आशुतोष 26 और आयुष के 21 रनों की मदद से टीम ने आसानी से जीत दर्ज कर ली।

दूसरे मुकाबले में मुशीर क्लब ममरी के प्रशांत 22, अजीत के 14 रनों की मदद से 76 रन बनाए, जिसका पीछा करने मैदान पर उतरी घोसियाना इलेवन की टीम के रिजवान ने 38 रनों की खेली पारी से घोसियाना की टीम ने मैच जीत लिया। टूर्नामेंट के तीसरे मैच में फ्रेंड्स क्लब और राममूर्ति क्लब के बीच हुए मुकाबले में फ्रेंड्स क्लब के तरुण 33, दिलशान के 17 रनों की मदद से 10 ओवरों में 113 रन बनाए।

जवाब में उतरी राममूर्ति क्लब के आशीष 23 और केशव 17 के अलावा कोई खिलाड़ी नहीं टिका और फ्रेंड्स क्लब ने मुकाबला जीतकर बढ़त हासिल कर ली। अम्पायरिंग राजेंद्र निषाद, संतोष मौर्य, सौरभ शुक्ल, अनवर अहमद ने की। टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष जनार्दन गिरि, उपाध्यक्ष मधुसूदन गिरि, मंत्री केके शुक्ला, रामकुमार मौर्य, रावेन्द्र गिरि सहित काफी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। स्टेडियम में देर रात तक दर्शक मैच का आनंद लेते दिखाई दिए।


गोला के राजेंद्र गिरि स्टेडियम में क्रिकेट खेलते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

## फरदहिया गांव में पहुंचा अजगर, वन विभाग की टीम ने जंगल में छोड़ा

**सिंगाही, अमृत विचारः** उत्तर निघासन की बेलरायां रेंज के गांव फरदहिया में एक विशालकाय अजगर पहुंच गया था, जिसे देख लोगों में अफरा-तफरी मच गई। गांव में अजगर पहुंचने की जानकारी होने पर तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों के सूचना देने पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने उसे पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। गांव फरदहिया निवासी भोगई राज ने बताया कि अजगर उनके खेत में बनी झोपड़ी के पास बैठ हुआ था। अचानक उनकी उस पर नजर पड़ गई। शोर शाराब होने पर तमाम लोग आ गए। बेलरायां रेंज के रेंजर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि टीम ने उसे पकड़कर जंगल में छोड़ दिया है।

## यज्ञ की आहुतियों से शुद्ध होता है वातावरण


फकीरबाबा स्थान पर यज्ञ में आहुतियां डालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**बिझौली, अमृत विचारः** जमुनाबाद फार्म के ब्लॉक नम्बर दो स्थिति फकीर बाबा स्थान पर हो रही रुद्र महायज्ञ के पांचवें दिन यज्ञाचार्य लक्ष्मीकांत मिश्रा, वेदाचार्य ओमवीर तिवारी ने बताया कि भगवान की वेदी पर दी जाने वाली हर आहुति से भगवान के प्रति आस्था, समर्पण का भाव तो प्रकट होता ही है। साथ में डाली गई आहुति से निकले धुंए से पूरा वातावरण शुद्ध हो जाता हैं।

यज्ञाचार्य लक्ष्मीकांत मिश्रा ने बताया कि प्रकृति का संतुलन बिगड़ने की वजह से समय से न तो बारिश होती और न ही गर्मी। इंसान अपने हितों के लिये पेड़ों की कटाई कर रहा है। उन्होंने यज्ञ में आहुतियां डलवाईं। इस दौरान आयोजक व संरक्षक गोविंद वर्मा चमन, प्रबन्धक महेंद्र वर्मा, सुरेश वर्मा, सोनू राज, लालबहादुर वर्मा, मुख्य पुजारी योगेश वर्मा आदि रहे।

## यज्ञशाला की परिक्रमा कर मांगी मन्नत

**मझगई, अमृत विचारः** गांव धोबीपुरवा में चल रही नौ दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ के चौथे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। कोई ग्यारह सौ तो कोई इक्कीस सौ की परिक्रमा कर रहा है। सुबह से ही धोबी पुरवा, पतिया, टापर पुरवा, हक्कलपुर, सेमरहिया, छेदुई सहित आस पास के कई गांवों से श्रद्धालु यज्ञशाला पहुंच गए और परिक्रमा की। यज्ञाचार्य ज्ञानप्रकाश मिश्र ने परिक्रमा का महत्व बताते हुए कहा कि इससे सुख शांति, आरोग्य, और दीर्घायु की प्राप्ति होती है। मांगी गई मन्नतें पूरी होती हैं। मंदिर प्रबंधक श्री पाल भास्कर, धर्मेंद्र सिंह, मूलचंद गुप्ता, राजेंद्र यादव, छैल बिहारी, शिव नारायण, सत्य नारायण, विकास, उमाकांत, कौशल किशोर, तोताराम, मंगतराम, माता दीन, कढ़िले प्रसाद, अनिल कुमार, उमाशंकर, रामबहादुर, दयाशंकर, नीरज मौर्य आदि रहे।

## एक नजर

### उधार सामान न देने पर दुकानदार से मारपीट

**मितौली, अमृत विचार :** कस्बे में ब्लॉक गेट के पास फल की दुकान से उधार सामान न देने पर ग्राहक ने दुकानदार के साथ मारपीट की। दुकानदार ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। फल विक्रेता इमरान ने बताया कि कस्बे का ही एक युवक उसकी दुकान पर आया और उधार फल मांगने लगा तो उसने मना कर दिया। इसको लेकर हुई कहासुनी में आरोपी ने उसकी पिटाई कर दी।

### शादी न करने के विवाद में महिला को पीटा

**धौरहरा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के रानीपुरवा हौकना मटेरा गांव निवासी जानकी देवी पत्नी धनीराम ने बताया कि उसका पड़ोसी मेरी बेटी की शादी एक रिश्तेदार से करने के लिए कह रहा था। जब मना किया तो नाराज होकर बीती रात करीब नौ बजे घर में घुसकर मारापीटा, जिससे उसे काफी चोटें आईं। पुलिस ने महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

### चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**पसगवां, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम मस्तीपुर में एक घर में घुसकर नगदी, जेवर सहित लाखों की संपत्ति उठा ले जाने की रिपोर्ट चार दिन बाद पुलिस ने दर्ज की है। 25 मई की रात को ग्राम मस्तीपुर में तुलसी राम गुप्ता के घर में घुसकर चोर ढाई लाख रुपए नकद और 170 ग्राम सोने के आभूषण उठा ले गए थे। पुलिस ने चार दिन बाद रिपोर्ट दर्ज की है।

# खैरहनी गांव में 84650 रुपये व पांच लाख के जेवर चोरी

## गुरुवार रात बंगलहा राज में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री के घर हुई चोरी, शुक्रवार की रात खैरहनी में कर दी वारदात

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचार:** थाना निघासन क्षेत्र में गुरुवार की रात से शुरू हुआ चोरियों का सिलसिला दूसरे दिन भी जारी रहा। गांव बंगलहा राज में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री के घर हुई चोरी की घटना को 24 घंटे भी नहीं बीत पाए कि चोरों ने एक बार फिर पुलिस को कड़ी चुनौती दे डाली। गांव खैरहनी के एक घर में घुसे चोर 84650 रुपये की नकदी और करीब पांच लाख रुपये के जेवर चोरी कर ले गए। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

गांव खैरहनी निवासी शारदा प्रसाद ने बताया कि शुक्रवार की रात करीब 10:30 बजे वह अपने दोस्त दिनेश के साथ दौलतपुर में मेला देखने गया था। परिवार के लोग घर पर थे और गर्मी होने के कारण छत पर सो रहे थे। इसी बीच दीवार कूदकर चोर घर में घुस आए। कमरों में रखी अलमारियों आदि का ताला तोड़ दिया। बेखौफ होकर कमरों को खंगाल कर 84650 रुपये की नकदी, एक जोड़ी झुमकी, दो जोड़ी झाला, चार जोड़ी पायल, दो सोने की चेन, माला, छह अंगूठी, नथुनी समेत करीब पांच लाख के जेवर चोरी कर ले गए। वह जब आधी रात के बाद मेले से वापस घर आया तो कमरे खुले मिले। अंदर जाकर देखा तो कमरे में रखा सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारियों के लॉक टूटे और उनमें रखा सामान भी बाहर पड़ा था। यह देख परिवार वालों में कोहराम मच गया। शोर होने पर आसपास के लोग आ गए। पीड़ित ने घटना की सूचना यूपी 112 पुलिस को दी। मौके पर थाना पुलिस भी पहुंची। पुलिस ने मौका मुआयना किया है। गुरुवार की रात चोरों ने गांव बंगलहा राज निवासी आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री रमा विश्वकर्मा के घर घुस गए थे और 12 हजार की नगदी समेत करीब ढाई लाख रुपये के जेवर चोरी कर ले गए थे। पुलिस इस घटना की रिपोर्ट दर्ज ही कर पाई थी कि चोरों ने गांव खैरहनी में दूसरी वारदात को अंजाम देकर पुलिस को एक चुनौती दे डाली।


फर्श पर खाली पड़े जेवरों के डिब्बे। ● अमृत विचार


घर में बिखरा पड़ा सामान। ● अमृत विचार

### घर में घुसे चोर ले गए कीमती मोबाइल

**मझगई, अमृत विचार :** कस्बा मझगईं निवासी मिथिलेश कुमार ने बताया की शुक्रवार की रात वह टूर्नामेंट देखकर घर आए और मोबाइल चार्जिंग पर लगाकर सो गए। इसी बीच घर में घुसे चोर उसके दो कीमती मोबाइल चोरी कर ले गए। जब सुबह सोकर उठा तो दोनों मोबाइल अपनी जगह से गायब मिले। मिथिलेश ने बताया कि एक मोबाइल उसका था। दूसरा उसके बड़े भाई सर्वेश कुमार था। पीड़ित ने मोबाइल चोरी होने की तहरीर पुलिस को दी है।

### 24 घंटे की जांच में पुलिस के हाथ खाली

दो दिन में दूसरी चोरी की वारदात से पुलिस के माथे पर पसीना चमकने लगा है। वहीं ग्रामीण भी दहशत में आ गए हैं। बंगलहा राज में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री के घर चोरी की जांच में जुटी पुलिस के हाथ खाली हैं। वह अंधेरे में हाथ-पैर चला रही है। पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में ले रखा है। उनसे पूछताछ कर रही है, लेकिन अब तक की पूछताछ में पुलिस उनसे कोई ऐसा क्लू नहीं निकाल पाई है, जिससे वह घटना में शामिल चोरों की पहचान कर उन तक पहुंच सके।

### खैरहनी के एक और घर में चोरी

**निघासन।** गांव खैरहनी निवासी दिलीप ने बताया कि गुरुवार की रात चोर उसके घर में घुस आए। कमरे में रखी अलमारी और बक्सों का ताला तोड़ दिया। चोर उनमें रखी सोने की चेन, मंगलसूत्र, मांग बेंदी, पायल आदि समान चोरी कर ले गए हैं। उन्होंने घटना की तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

> तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। बंगलहा में रमा देवी के घर चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। खुलासे के लिए टीमें लगी हैं। जल्द ही दोनों घटनाओं का खुलासा किया जाएगा।
>
> **-महेश चंद्र,** प्रभारी निरीक्षक, निघासन।

# आपसी सौहार्द्र से मनाएं त्यौहार गड़बड़ी की तो बच नहीं पाएंगे

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

● **कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक में बोले एसडीएम**

**अमृत विचार:** कोतवाली परिसर में एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। एसडीएम ने कहा कि बकरीद के अवसर पर सार्वजनिक स्थल और खुले में पशुओं की कुर्बानी पर पूर्णतया रोक रहेगी। कुर्बानी निर्धारित स्थानों पर ही करें। अच्छे से मिलजुल कर त्योहार मनाए। गड़बड़ी करने वाले प्रशासन से बच नहीं पाएंगे उनसे सख्ती से निपटा जाएगा।

बैठक में हिंदू, मुस्लिम दोनों समुदाय के लोगों ने त्यौहार को आपसी सौहार्द और मिलजुल कर मनाने की बात कही। एसडीएम ने कहा की छोटी काशी गोला उत्सवों की नगरी है। यहां वर्ष भर कोई न कोई कार्यक्रम चलते रहते हैं और सभी कार्यक्रम सबके सहयोग से अच्छे से मनाए जाते हैं।

सावन की तैयारी भी चल रही है, जिसके चलते में वीआईपी मूवमेंट रहता है। इंस्पेक्टर चंद्रशेखर सिंह ने कहा गड़बड़ी फैलाने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। इस दौरान पारस प्रसाद मिश्र, श्रीकांत तिवारी, गोपालकृष्ण शुक्ल, राजा जफरुल्लाह खां, द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, सलीम अंसारी, फैजान खान, शाहिद अली, सभासद आनंद सोनी, आशीष अवस्थी, भैंठिया प्रधान विकास सोनी, प्रधान प्रतिनिधि भुड़वारा आशिफ, अजय वर्मा, इरशाद अली आदि रहे।


गोला कोतवाली में बैठक में बोलते एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता। ● अमृत विचार

# ईद बाद शुरू होगा मुख्य सड़क का निर्माण

संवाददाता, सिंगाही

**अमृत विचार:** कस्बे की मुख्य बाजार के महारानी सुरथ कुमारी मार्ग निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। नगर पंचायत के मैरिज हॉल में शनिवार को आयोजित बैठक में नगर पंचायत प्रशासन ने सड़क निर्माण के लिए व्यापारियों से सहयोग मांगा है।

नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद कय्यूम एवं प्रभारी ईओ व एसडीएम निघासन राजीव निगम की मौजूदगी में नगर उद्योग व्यापार मंडल पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें एसडीएम राजीव निगम ने बताया कि कस्बे के बाजार की सड़क जर्जर है, जिसका टेंडर हो चुका है। ईद उल अजहा के बाद इसका निर्माण हॉट मिक्स से होगा। इसलिए जिन लोगों ने नालियों पर छज्जा आदि का निर्माण करवा रखा है वह लोग स्वयं उसे तोड़ लें। अन्यथा नगर पंचायत प्रशासन बुलडोजर से तोडोगा। हालांकि इस बात को लेकर कुछ व्यापारी भड़क गए, जिससे बैठक में हंगामा होना शुरू हो गया।


बैठक में मौजूद एसडीएम राजीव नगर व नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद कय्यूम।

● **एसडीएम ने व्यापारियों को छज्जा तोड़ने का दिया अल्टीमेटम**

इस पर एसडीएम ने चार दिन में स्वयं छज्जे हटाने की चेतावनी देते हुए कहा कि निर्धारित समय के बाद प्रशासन बुलडोजर से अवैध छज्जों को हटवाना शुरू करेगा, जिसकी जिम्मेदारी दुकानदारों की होगी। महारानी सुरथ कुमारी रोड इस समय अत्यंत जर्जर है।

> कस्बे की महारानी सुरथ कुमारी रोड का निर्माण बकरीद के बाद शुरू होगा। इसका निर्माण हाट मिक्स से करीब एक इंच मोटा होगा।
>
> **-राजीव निगम,** एसडीएम एवं प्रभारी ईओ नगर पंचायत सिंगाही।

इसके निर्माण में किसी प्रकार की रुकावट न आए, इसके लिए नगर पंचायत प्रशासन ने शनिवार को बैठक बुलाई थी।

# बसों के कंडक्टरों में जमकर मारपीट, दो राउंड फायरिंग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● **एक कंडक्टर का सिर फटा, मौके से 315 बोर के दो खोखे बरामद**

**अमृत विचार:** शहर के निघासन रोड पर पेट्रोल पंप के पास दो कंडक्टरों में मारपीट हुई। इस दौरान दो राउंड फायरिंग होने से भगदड़ मच गई। मारपीट में एक कंडक्टर का सिर फट गया। घायल कंडक्टर की तरफ से जब लोग मौके पर पहुंचे और हमलावरों को ललकारा तो हमलावर असलहे लहराते हुए मौके से भाग निकले। पुलिस ने घटना स्थल से 315 बोर के दो खोखा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है।

शहर से सटे गांव फत्तेपुर सैधरी निवासी अनुज सारंग ट्रांसपोर्ट की बस पर कंडक्टर है। एक दिन पहले उसका विवाद हामिद निवासी अर्जुनपुरवा से हुआ था। हामिद भी एक ट्रांसपोर्ट की बस पर कंडक्टर है। अनुज शनिवार शाम अपने गांव के बाहर महेवागंज रोड पर एक दुकान में बैठा था। तभी वहां हामिद अपने कुछ साथियों के साथ आ गया। आरोप है कि उसने अनुज के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में एक ईंट अनुज के सिर में लगी, जिससे उसका सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गया। हमलावरों ने दो राउंड फायरिंग की, जिससे अफरा-तफरी मच गई। फायरिंग की आवाज सुनकर तमाम लोग मौके पर पहुंचे और आरोपियों को ललकारा। इस पर आरोपी भाग निकले। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर शहर कोतवाल हेमंत राय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन की। मौके से दो 315 बोर के खोखा कारतूस पुलिस ने मौके से बरामद किए हैं। जिन्हें पुलिस ने कब्जे में लिया है। कुछ लोगों को मौके से हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक हेमंत राय ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# संयुक्त गोष्ठी में तंबाकू के सेवन से दूर रहने की दी गई सलाह

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शहाबुद्दीनपुर अजान स्थित रानी लक्ष्मीबाई कन्या इंटर कॉलेज में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला सेवायोजन द्वारा विधिक साक्षरता शिविर, कॅरियर काउंसलिंग की संयुक्त गोष्ठी में तंबाकू के सेवन से दूर रहने की सलाह दी गई।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि अपर जिला जज-सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण वीरेंद्रनाथ पांडेय, एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, प्रभारी रोजगार अधिकारी साक्षी डागुर, प्रो. डॉ. एससी मिश्र ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि एसडीएम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के कमजोर वर्ग के लोगों को कानून के प्रति जागरूक बनाने में विधि के विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। अपर जिला जज ने बताया कि संविधान के अनुच्छेद 39(क) में निःशुल्क सहायता का प्रावधान है। इसी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। निःशुल्क विधिक सहायता पाने के हकदार व्यक्ति, महिला एवं बच्चे, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्ति एवं जिसकी वार्षिक आय दो लाख से कम हो वह निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते है।


शहाबुद्दीनपुर कॉलेज की गोष्ठी में मंचासीन अतिथि। ● अमृत विचार

● **विधिक साक्षरता शिविर और कॅरियर काउंसलिंग की संयुक्त गोष्ठी आयोजित**

जिला रोजगार सहायक अधिकारी साक्षी डागुर ने छात्राओं को बेहतर कैरियर चुनाव के बारे में जानकारी दी। इस दौरान कॉलेज एमडी जिला पंचायत सदस्य संदीप वर्मा, प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा आदि रहे।

# शिक्षामित्र पर घात लगाकर किया जानलेवा हमला

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के गांव जोधपुर निवासी आरिफ अहमद (40) पुत्र जमील अहमद नौसर गुलरिया के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र है। शनिवार सुबह वह घर से समर कैंप में ड्यूटी करने करसौर विद्यालय जा रहे थे। बताते हैं कि मुड़िया गांव के तटबंध पर पहले से घात लगाये कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया और उन पर लाठी-डंडे व धारधार हथियार से हमला कर दिया। वह लहूलुहान होकर गिर गए। राहगीरों के शोर मचाने पर हमलावर उन्हें मरणासन्न हालत में छोड़कर भाग निकले। लोगों ने घटना की जानकारी शिक्षामित्र के परिवार वालों को दी। इससे परिवार में हड़कंप मच गया। परिजन और बड़ी संख्या में गांव के लोग मौके पर पहुंचे। परिजन आनन-फानन में शिक्षा मित्र को सीएचसी ले गए, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है, जहां हालत नाजुक बताई जा रही है।

फूलबेहड़ प्रभारी निरीक्षक अवधराज सिंह सेंगर ने बताया कि शिक्षामित्र पर हमले की मौखिक जनकारी मिली है। अभी तहरीर देने कोई नहीं आया है। मौका मुआयना कर जांच की है। घायल ने हमले में अपने एक परिचित और उनके साथियों का हाथ होना बताया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

Admission Open
Session 2025-26
BIU College of Pharmacy BIUCOP Bareilly Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

FOPS Faculty of Paramedical Sciences Bareilly Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
Admission Open
Session 2025-26
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने राधा कृष्णा फार्मेसी, हसनापुर गंज मुरादाबाद में प्रिंसिपल के रूप में दिनांक 01.07.2024 को ज्वाइनिंग की थी और दिनांक 04.03.2025 को इस्तीफा दे दिया था तथा 01.04.2025 को रिलीविंग ली थी। मेरे इस्तीफा देने के बाद भी ऑन लाईन पोर्टल पर मेरा नाम शो हो रहा है। मेरे द्वारा इस विद्यालय से अपनी सेवायें समाप्त कराने के बाद अब मेरी किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। मुकेश कुमार पुत्र श्री वीरभान मलिक निवासी बण्डा जिला शाहजहाँपुर।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल अंकपत्र में मेरा नाम अश्वनी कुमार लिख गया है जबकि आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम अश्वनी गोयल है। भविष्य में मुझे अश्वनी गोयल के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। अश्वनी गोयल पुत्र राम किशन गोयल नि. मो. गफ्फार खाँ तह. व जिला पीलीभीत।

REQUIRED
National level institution - District Team Leader/ Coordinator. Prefe- Own Vehicle/ MBA (Sales & marketing)/ MSW. whatsapp CV 7081974868. Salary 5fig
Phone numbers 8004682261/ 9792793660

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

